दिल्ली-एनसीआर के साथ ही प्रदेश के कई जिलों से 91 हजार से अधिक लोग पहुंचे, कारोबारियों ने राज्य के उत्पादों में रुचि दिखाई

# यूपी ट्रेड शो के दूसरे दिन युवाओं में उत्साह दिखा

**आयोजन**

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** इंडिया एक्सपो सेंटर में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 को लेकर युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को 91 हजार से अधिक लोग पहुंचे। यह आयोजन नई जानकारी हासिल करने का बड़ा मंच साबित हो रहा है।

ट्रेड शो में आयोजित सीएम युवा सम्मेलन के दूसरे दिन युवाओं की भारी भीड़ देखी गई। हजारों छात्र-छात्राओं ने स्टॉल का भ्रमण कर नए कारोबार विचार और रचनात्मक उद्यमों की जानकारी प्राप्त की।

आयोजकों के मुताबिक फिरोजाबाद, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, गौतमबुद्ध नगर, मैनपुरी और मथुरा से आए 700 से अधिक छात्र-छात्रों समेत एनसीआर के डेढ़ हजार युवाओं ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया। स्टॉल पर युवाओं ने कारोबार से संबंधित पूछताछ की। खास तौर पर ओसियान इंटरप्राइजेज के कॉरपोरेट गिफ्टिंग स्टॉल पर 125 से अधिक युवाओं ने रुचि दिखाई।

**20 से अधिक बी टू बी बैठक संपन्न:** वहीं सीएम युवा सम्मेलन के दौरान 20 से अधिक बी टू बी ( कारोबार टू कारोबार ) बैठक संपन्न हुई। इसके साथ ही डॉ. गैराज, मिस्टर सैंडविच, धोबीलाइट, अर्द्धसैनिक कैंटीन और अमूल इंडिया जैसे स्टार्टअप्स व ब्रांड्स ने छात्रों को अपने व्यसाय के तरीका प्रस्तुत किए।



ट्रेड शो में यूपी पुलिस की तरफ से लगाए गए स्टाल पर शुक्रवार को हथियारों के बारे में जानकारी लेते युवा। • सुनील शर्मा

## यूपी पुलिस के स्टाल पर देखे आधुनिक हथियार

ट्रेड शो में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देशन एवं पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पर्यवेक्षण में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया है। यह दंड से न्याय की ओर थीम पर आधारित है। यहां लोगों को पुलिस में हो रहे नवाचार एवं पुलिस कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस स्टॉल के माध्यम से एसटीएफ, एटीएस, यूपी-112, यातायात पुलिस, महिला हेल्पलाइन, साइबर सेल, एफएसएल, टेलीकॉम, एसडीआरएफ, जीआरपी और फायर विभाग सहित विभिन्न इकाइयों ने अपनी सेवाओं का प्रदर्शन किया है।

## देशभर में ऐसे आयोजन होने चाहिए: मांझी

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भी ट्रेड शो का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे और अधिक आयोजन देश भर में किया जाना चाहिए। राज्य सरकार ट्रेड शो के माध्यम से हर जिले में एमएसएमई को बढ़ावा दे रही है और हमारा प्रयास है कि ऐसी पहल देश के सभी राज्यों में बढ़े। आयोजकों के मुताबिक दूसरे दिन 91,259 लोग आए, जिसमें 23,758 बिजनेस टू बिजनेस और 67,501 बिजनेस टू कंज्यूमर शामिल थे। ट्रेड शो में पहले दो दिनों में 1 लाख 40 हजार 259 लोगों की भागीदारी रही।

**आज के कार्यक्रम**

- ट्रेड शो में शनिवार शाम को लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी को सुनने का मौका मिलेगा।
- मेले मे प्रसिद्ध नृत्यागंनाओं की तरफ से कथक नृत्य पेश किया जाएगा।
- महाराजगंज के लोक गायक अमित अंजन भी प्रस्तुति देंगे।
- अयोध्या की संगम लता भगवान राम के जीवन से संबंधित बधावा लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगी।
- पीलीभीत की रिंकू देवी थारू लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगी। यह उत्तर प्रदेश और बिहार के तराई क्षेत्रों और दक्षिणी नेपाल में थारू समुदाय का एक पारंपरिक नृत्य है।
- आगरा की देविका एस. मंगलमुखी कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगी।

## 'भारत और रूस के रिश्तों को मेला नई ऊंचाई देगा'

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। यह आयोजन भारत और रूस के कारोबारी रिश्तों को नई ऊंचाई देगा। ये बातें ट्रेड शो के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत-रूस कारोबार वार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), खादी, हथकरघा और वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने कहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने किया। इस दौरान इनवेस्ट यूपी पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। राकेश सचान ने रूस के अधिकारियों और कारोबारियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत के औद्योगिकीकरण के समर्थन करने के दिनों से आज रणनीतिक साझेदारी तक हमारा सहयोग रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और अब विभिन्न सेक्टरों तक विकसित हुआ है। भारत ने 2025 तक रूस के साथ व्यापार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। वहीं, रूस की प्रतिनिधि ज्लाटा अंटुशेवा ने कहा कि भविष्य में हमारे कारोबारी रिश्ते अधिक प्रगाढ़ होंगे। डॉ. अजय सहाय ने कहा कि भारत-रूस संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं बल्कि बाजार, जहाज मार्ग और बीमा क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं।




कारोबारी वार्ता के दौरान भारत में रूस के डिप्टी ट्रेड कमिश्नर एवगेनी जेचेन्को को प्रतीक चिह्न देते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। साथ में अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार।